प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 31.01.2025

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 02 मोटर व 01 स्टेबलाइजर व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल स्पलेन्डर बरामद।

दिनांक 30/1/25 को वादी श्री रेहान पुत्र अनीस अहमद निवासी लक्ष्मी नगर दिल्ली द्वारा थाने पर सूचना दी कि अज्ञात चोरों द्वारा वादी की फैक्ट्री निक्की कंसल्टेंट एण्ड इंजीनियरिंग सद्दीक नगर से दो मोटर व एक स्टेबलाइजर चोरी कर लिये है, जिनके संबंध में थाने पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।

कार्यवाही का विवरण- उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे, सर्विलांस व लोकल इनपुट की मदद से दिनांक 31.01.2025 को मुखबिर की सूचना पर रोटरी गोल चक्कर के करहेडा पुल से 02 शातिर चोर को को चोरी के माल 02 मोटर व 01 स्टेबलाइजर व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 सहित गिरफ्तार किया गया। अभि0गण के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण से पूछताछ पर बताया कि हम दोनो नशा करने के आदि है, अपने नशे के शौक पूरा करने के लिए ही हमने फैक्ट्री से रात्रि के समय दो मोटर व एक बडा स्टेबलाइजर चोरी कर लिया था।

अभियुक्तगण का नाम व पता--

(1) शाहरुख पुत्र सगीर, निवासी एन आई एम टी कालेज के सामने न्यू हिन्डन विहार गाजियाबाद थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र लगभग 26 वर्ष।

(2) आदिल पुत्र रियाजु निवासी एन आई एम टी कालेज के पास न्यू हिन्डन विहार गाजियाबाद थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र लगभग 19 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त शाहरुख के विरुद्ध थाना कोतवाली पर एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत है।

बरामदगी का विवरण-

(1) 02 मोटर कंपनी Bharat Bijlee व CG Power and industrial solutions limited

(2) 01 स्टेबलाइजर कम्पनी साईन स्टार इलैक्ट्रानिक वोल्टेज स्टेबलाइजर

(3) स्पलेन्डर मो0सा0 घटना में प्रयुक्त

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा लूट/चोरी के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट के 39100/- रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल तथा चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद।

दिनांक 21.01.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादी द्वारा तहरीर दी गई कि अज्ञात मोटरसाइकिल सवार अभियुक्तों द्वारा चौकी लालबाग क्षेत्र से वादी को धमकी देकर, वादी की जेब से बलपूर्वक 01 लाख 37 हजार रुपये लूटकर भाग जाना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल धारा 309(4)/351(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात आज दिनांक 31.01.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त लूट की घटना कारित करने वाले 02 अभियुक्तों 1. इखलास पुत्र जैनुदीन निवासी लालबाग एक्सटेंशन थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 55 वर्ष 2. शादाब पुत्र मेहरदीन निवासी डाबर तालाब शीशे वाली मस्जिद के पास थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष को चौकी क्षेत्र लालबाग से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से लूट के 39100/- रूपये व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल तथा चौकी क्षेत्र इन्द्रापुरी से चोरी किया गया 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>पूछताछ का विवरण-</u>

अभियुक्त शादाब ने पूछताछ के दौरान बताया कि मेरा साथी इखलास का वादी के साथ पैसों का लेन-देन था वह वादी को पहले से ही जानता था। घटना वाले दिन वादी इखलास से ही अपने पैसे लेकर जा रहा था तभी मैंने, इखलास व अपने अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर उससे 87 हजार रूपये लूट लिये थे। और आपस में बाँट लिये थे, जो रूपये हमसे बरामद हुए हैं वे उन्ही रुपयों में से बचे हैं बाकी हमने अपने शौक में खर्च कर दिये। तथा बरामद मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ का गई तो बताया कि यह मोबाइल फोन मैंने काफी दिन पहले चौका इन्द्रापुरी के पास से मौका पाकर एक व्यक्ति की जेब से चोरी कर लिया था।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–</u>

1.इखलास पुत्र जैनुदीन निवासी लालबाग एक्सटेंशन थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद, उम्र करीब 55 वर्ष।

2. शादाब पुत्र मेहरदीन निवासी डाबर तालाब शीशे वाली मस्जिद के पास थाना अंकुर विहार गाजियाबाद, उम्र करीब 25 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-</u>

अभियुक्त शादाब के विरूद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर लूट व चोरी के 02 अभियोग पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त इखलास के विरूद्ध थाना लोनी बॉर्डर पर लूट का 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

कब्जे से लूट के 39100/- रुपये व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल तथा चोरी का 01 मोबाइल फोन बरामद।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम –</u>

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।